# पत्नी की हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

## गांव के ही विरोधियों के खिलाफ दर्ज कराई थी झूठी रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता,चित्रकूट



- न्यायालय ने दोषी पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार।** सो रही पत्नी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या करने में दोषी ग्रामीण को सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने आजीवन कारावास की सजा दी। दोषी ने पत्नी की हत्या के बाद गांव निवासी अपने विरोधियों के खिलाफ झूठी रिपोर्ट भी दर्ज करा दी थी। कोर्ट ने इसे 10 हजार रुपये अर्थदंड भी दिया।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि रैपुरा थाना क्षेत्र के खजुरिहा कला गांव के निवासी रामराज कुशवाहा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 29 नवंबर 2020 की रात उसके घर में घुसकर गांव के कुछ लोगों ने उसकी पत्नी संगीता देवी की हत्या कर दी। उसने बचाने की गुहार लगाई तो हमलावर उसे भी घसीट कर ले जाने लगे। इस दौरान पत्नी का शव देखकर वह बेहोश हो गया। उसने इस मामले में अपनी भाभी गायत्री देवी व संतोष कुशवाहा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान ये तथ्य प्रकाश में आए कि वादी रामराज कुशवाहा ने ही पत्नी की हत्या की है। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद से अब तक हत्यारोपी रामराज जेल में बंद है।

पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने निर्णय सुनाया। दोषसिद्ध हत्यारोपी रामराज को आजीवन कारावास की सजा व 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

# फ्लैग मार्च कर जनता को कराया सुरक्षा का एहसास

संवाददाता कालपी( जालौन)

**अमृत विचार।** लोकसभा का चुनाव सकुशल तरीके से संपादित कराने हेतु प्रभारी निरीक्षक ने अपने दल बल के साथ बीती देर शाम नगर के बाजार में ही नहीं पूरे नगर के प्रत्येक मोहल्लों की गलियों में फ्लैग मार्च कर नगर की जनता को सुरक्षा का एहसास कराया एवं नगर में रह रहे शरारती तत्वों को चेताते हुए कहा कि नगर में अमन शांति के माहौल को किसी भी शरारती ने कोशिश की तो ऐसे शरारती को जेल भेजने में मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

सोमवार की देर शाम प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश सिंह महमूदपुरा चौकी प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला टरननगंज चौकी प्रभारी अभिलाख सिंह उप निरीक्षक राजेश कुमार उप निरीक्षक महेश सिंह उप निरीक्षक बृजनंदन उप निरीक्षक अमर सिंह , उप निरीक्षक वसीम खां,आदि पुलिस बल के साथ कोतवाली परिसर से फ्लैग मार्च की शुरुआत की।

दुर्गा मंदिर चौराहा होते हुए एमएसबी के समीप ओवर ब्रिज के नीचे से हरीगंज चौराहा उक्त चौराहे से जुलेहठी चौराहा से मुन्ना फुल पावर चौराहा में प्रभारी निरीक्षक ने नगर में रह रहे शरारती तत्वों को ललकारते हुए कहा कि होने वाले लोकसभा के चुनाव पर नगर में अमन शांति के माहौल को बिगाड़ने का प्रयास न करें अन्यथा कठोरतम कार्रवाई की जायेगी। फ्लैग मार्च टरननगंज चौराहा आलमपुर चौराहा बाजार चौराहा इलाहाबाद बैंक चौराहा रेलवे स्टेशन चौराहा सब्जी मंडी चौराहा से होते हुए कोतवाली परिसर में फ्लैग मार्च का समापन किया गया।

# झाड़-फूंक के फेर में गई युवक की जान

कार्यालय संवाददाता,चित्रकूट



विष्णु साहू।



जानकारी देती विष्णु की मां चुनबादी।

- एक सप्ताह पहले हुई थी शादी फांसी लगाने का किया था प्रयास

**अमृत विचार।** संदिग्ध हालात में एक युवक की मौत हो गई। युवक ने फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की थी। मां का आरोप है कि उसके ससुरालीजनों ने झाड़फूंक के चक्कर में उसके बेटे की पिटाई की, जिससे उसकी मौत हो गई।

मामला कर्वी कोतवाली अंतर्गत शंकरगंज इलाके का है। यहां के रहने वाले विष्णु साहू (24) पुत्र चंद्रपाल की शादी बरगढ़ थानांतर्गत एक गांव में 26 अप्रैल को हुई थी। बताया जाता है कि वहां बारातियों के स्वागत और भेंट में ज्यादा सामान न मिलने से विष्णु क्षुब्ध था। उसको दोस्तों ने भी ताने दिए थे। इस पर उसने 28 अप्रैल को घर में फांसी लगाने की कोशिश की। घरवालों के समय से पहुंच जाने से उसकी जान बच गई। जिला अस्पताल से उसे प्रयागराज रेफर कर दिया गया। मां चुनबादी का आरोप है कि वहां उसकी तबीयत संभली ही थी कि उसके ससुरालीजन भूतप्रेत बाधा की बात कहते हुए उसे घर ले आए।

ससुराल से आए पंडा ने उसके इकलौते पुत्र के हाथपैर बांधकर उसे मारापीटा। इसके बाद भी वह ठीक नहीं हुआ तो यहां से वे लोग विष्णु को ससुराल ले गए। मां का कहना है कि वहां अंधविश्वास के चक्कर में उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया और जब ठीक नहीं हुआ तो फिर यहां ले आए। यहां निजी चिकित्सक को दिखाया गया तो उसने उसे मृत घोषित कर दिया। मोहल्ले में चर्चा रही कि मामला बिगड़ता देख ससुरालीजनों के दबाव में युवक का अंतिम संस्कार भी कर दिया गया। लोगों ने नाम छिपाते हुए बताया कि युवक का शव देखने पर ऐसा लगता था कि उसे बुरी तरह मारापीटा गया है। इस संबंध में जब युवक के ससुराल बात करने की कोशिश की गई तो वहां से बताया गया, पापा घर में नहीं हैं। कोतवाली प्रभारी उपेंद्र सिंह ने बताया कि अगर तहरीर आती है तो उस पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# भावावेश में टिप्पणी करने से नेताओं को बचना होगा

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- अभद्र भाषा और शब्दों का पड़ सकता है उल्टा असर
- सोशल मीडिया के इस युग में सावधानी हटी-दुर्घटना घटी



**अमृत विचार।** राजनीति में शुचिता और मर्यादा अब किताबी बातें हो गई हैं। हाल फिलहाल जिस तरह से सोशल मीडिया में चुनाव के संबंध में बातों का दौर चालू है, वह कई मायनों में चिंतनीय और शर्मनाक है। जिस तरह से नेताओं द्वारा भावावेश में कुछ भी कह दिया जा रहा है, किसी की पोस्ट पर कुछ भी लिख दिया जा रहा है, वह बड़े नेताओं के लिए शोभा नहीं देता। इनको यह समझना चाहिए कि सावधानी हटी, दुर्घटना घटी।

राजनीति में परछाइयां भी पीछा करती हैं। यह वर्तमान सांसद और भाजपा प्रत्याशी आरके सिंह पटेल और उनके समर्थकों से ज्यादा कौन जानता होगा। पिछले चुनाव के समय और चुनाव के बाद कही गईं बातें अब तक वायरल हो रही हैं, उनके विपक्षी और भाजपा के अंदरखाने की मानें तो कई पार्टी के अंदर के भितरघाती इसके पीछे हैं। उधर, पूर्व सांसद और टिकट के प्रमुख दावेदारों में से एक रहे भैरों प्रसाद मिश्र की भी कई बातों को लोग वायरल करके यह साबित करने की कोशिश में जुटे हैं कि उन्होंने पार्टी लाइन से अलग लाइन ली और इसलिए उनका टिकट कटा। टिकट कटने के बाद से जिस तरह भैरों मुखर रहे हैं और उन्होंने पार्टी नेतृत्व पर कैमरे के सामने कई सवाल उठाए हैं, पार्टी प्रत्याशी को भलाबुरा कहा है, यह आने वाले समय में उनके राजनीतिक करियर के रास्ते में अवरोधक के रूप में इस्तेमाल किए जा सकते हैं।

राजनीति में भावनाओं से लोगों को तो प्रभावित किया जा सकता है पर यही भावनाएं पार्टी के नेताओं के लिए उनके नेतृत्व को स्वीकार्य नहीं होतीं। जिले में ही कई उदाहरण ऐसे हैं। बीते दिनों भाजपा में शामिल होने के बाद जिस तरह बसपाई रहे रामसेवक शुक्ला ने अभद्र शब्द का इस्तेमाल किया और वह वायरल हो गया, यह साबित करता है कि सोशल मीडिया और संचार क्रांति के इस युग में सोच समझकर बोलने की आवश्यकता है।

हाल ही में फेसबुक में एक भाजपा नेता और जिले में एक पद पर आसीन व्यक्ति ने अपने खिलाफ एक पोस्ट में जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल किया है, वह भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

आमतौर पर शालीन रहने वाले इस नेता की यह टिप्पणी अच्छी नहीं लगती। इनको और अन्य नेताओं को पार्टी के अगुवाकारों को इस तरह की उत्तेजना से बचने की सलाह देनी चाहिए। भाजपा हो, सपा, बसपा हो या कांग्रेस हो, वामपंथी दल हों या कोई भी पार्टी, सबके नेताओं संयमित भाषा का प्रयोग करना होगा। भाजपा के लिए यह जरूर चिंतन का विषय हो सकता है कि ज्यादातर उसके ही जिले के नेताओं द्वारा आवेश में कही गईं बातें सामने आ रही हैं।

## भीषण गर्मी में अपने को बचाएं वोटर और कर्मचारी

**चित्रकूट।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चंद्र निगम ने मतदाताओं और मतदानकार्मिकों से भीषण गर्मी और लू के मद्देनजर अहतियात बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि वोटिंग के दौरान स्वास्थ्य जनित समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में कई सावधानियां रखने की आवश्यकता है। एडीएम ने बताया कि मतदान दिवस के दौरान भीषण गर्मी की संभावना है। ऐसे मे पोलिंग पार्टियों की रवानगी और मतदान दिवस पर सभी कर्मचारी हल्के सूती वस्त्रों का प्रयोग करें। छाता एवं सर को ढकने के लिए सफेद सूती गमछा या अन्य कोई कपड़ा रखें। पैरों में आरामदायक जूते या चप्पल पहनें। जरूरत पड़ने पर सादा जल, नींबू पानी या ओआरएस का प्रयोग कर अपने आपको तरोताजा रखें। उन्होंने कहा कि मतदानकार्मिक अत्यधिक चाय, कॉफी या कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक का सेवन न करें, इनसे शरीर में पानी की मात्रा कम होने की संभावना रहती है।



मतदान के लिए जागरूक करते विद्यार्थी। अमृत विचार

# रैली में विद्यार्थी बोले, पहले मतदान फिर जलपान

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए प्रशासन के प्रयास जारी हैं। इसी क्रम में मंगलवार को स्वीप योजना के तहत आदर्श इंटर कालेज में स्काउट-गाइडों ने साइकिल रैली निकाली। छात्र-छात्राओं ने लोगों को पहले मतदान फिर जलपान को प्रेरित किया।

प्रधानाचार्य राकेश प्रताप सिंह चंदेल ने इसकी अगुवाई की। विद्यार्थियों ने लोगों से मतदान करने की अपील की। रैली विभिन्न मार्गों से होते हुए तहसील प्रांगण में समाप्त हुई। छात्र-छात्राओं ने स्लोगन तख्तियां लेकर पहले मतदान फिर जलपान नारा लगाते हुए जागरूक किया। अधिकारियों और शिक्षकों ने लोगों को मतदान का महत्व समझाया। कहा कि मतदान से एक स्वस्थ लोकतंत्र की नींव मजबूत होती है। इस अवसर पर तहसीलदार , एनएसएस प्रभारी सुनील कुमार मिश्र, स्काउट प्रभारी राजेंद्र प्रसाद पाल, रविशंकर पांडेय आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार, तमंचा बरामद

**राजापुर (चित्रकूट)।** पुलिस टीम ने चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। उससे रुपये और असलहा भी बरामद किया गया। मामला पिछले साल का है। पुलिस के अनुसार, 14 अक्टूबर 23 को नांदिन कुर्मियान निवासी राजरानी पत्नी बृजकिशोर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि घर से चोरों ने नकदी व जेवर चुरा लिए हैं। एसआई कन्हैयाबक्स सिंह ने विवेचना से प्रकाश में आए एक आरोपी पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सोमवार को दूसरे आरोपी कल्लू पुत्र लोटनराम निवासी मीशन का डेरा मजरा चिल्लीराकस को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने एक तमंचा-कारतूस और 15 सौ रुपये बरामद किए। आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में आरक्षी प्रकाश मिश्रा, शुभम मिश्रा और साकिर अली शामिल रहे।

### वारंटी को गिरफ्तार किया

**चित्रकूट।** बहिलपुरवा थाने के एसआई जनार्दन प्रताप सिंह ने वन अधिनियम के वारंटी ददुराज पुत्र रामू यादव निवासी छोटी विलशरी को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में एसआई अनुभव वर्मा और आरक्षी रोहित यादव शामिल रहे।

### जैन मुनि प्रगल्भ सागर का स्वागत किया

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** बरगढ़ जैन समाज ने मंगलवार को जैन मुनि प्रगल्भ सागर का राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्वागत किया। वह मध्य प्रदेश में होने वाले कार्यक्रम के लिए इस भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में पैदलयात्रा कर रहे हैं। इस मौके पर हरीश चंद्र जैन, नीरज जैन, रामजी जैन, पुनीत जैन, ऋषभ जैन, मंगलेश जैन, अजित जैन, अनंत जैन, विजय जैन आदि मौजूद रहे।

### पॉलिटेक्निक के 72 छात्रों का प्लेसमेंट

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** राजकीय पॉलिटेक्निक में मंगलवार को गुड़गांव की कंपनी ने कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया। इसमें जिले के अलावा हमीरपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, सीतापुर आदि जिलों के युवाओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान 72 छात्रों का प्लेसमेंट हुआ। कंपनी की ओर से मैनेजर एचआर अनिल शर्मा मौजूद रहे। प्रधानाचार्य संतोष कुमार वैश्य ने बताया कि अब तक संस्था में छह कंपनियों का कैंपस इंटरव्यू किया गया है, जिसमें राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ व मानिकपुर चित्रकूट के अतिरिक्त कई अन्य जिलों के छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। संस्था स्तर पर ट्रेंनिग प्लेसमेंट सेल के अधिकारी चंद्रभान प्रजापति, साजिया तबस्सुम, आनंद प्रकाश, दीपेंद्र मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### संयुक्त टीम ने की रामघाट पर चेकिंग

**चित्रकूट।** अमावस्या मेले के मद्देनजर पुलिस टीम ने चौकसी बरती। प्रभारी एलआईयू निरीक्षक सूर्यकांत अरुण राय की देखरेख में मंगलवार को डॉग स्क्वॉयड व एलआईयू की संयुक्त टीम ने रामघाट आदि स्थानों पर सघन चेकिंग की।

### समय से घरों में बांट दी जाएं पर्चियां : डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मंगलवार को चुनाव संबंधी बिंदुओं पर समीक्षा बैठक की। डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह ने बताया कि समय से चुनावकार्मिकों का प्रशिक्षण कर दिया जाएगा। डीएम ने बीएलओ को निर्देश दिए कि समय से सभी घरों में पर्ची बांट दें। उन्होंने ईडीसी रजिस्टर, आईडी कार्ड, बिजली पानी आदि की व्यवस्था, स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरा, वेब कास्टिंग आदि के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने पिंक बूथ और आदर्श बूथ के संबंध में भी निर्देश दिए। बैठक में एडीएम सहित अन्य चुनाव संबंधी अधिकारी मौजूद रहे।

### मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण 10 से

**हमीरपुर।** लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पाण्डेय ने मतदान कार्मिकों को ईवीएम/वीवीपैट मशीनों का द्वितीय प्रशिक्षण 10 से 13 मई तक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा व राजकीय महिला महाविद्यालय में नियत किया है। जिसमें पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय को प्रशिक्षण दिया जाना है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्मिकों को हैंड्स ऑन ट्रेनिंग भी दी जाएगी। ईवीएम/वीवीपैट मशीने कलेक्ट्रेट परिसर में एनआईसी के सामने स्थित वेयरहाउस से राठ के उपजिलाधिकारी सुक्रमा प्रसाद विश्वकर्मा की अभिरक्षा में पुलिस सुरक्षा के साथ जीपीएस युक्त वाहन द्वारा परिवहन किया जाएगा तथा प्रशिक्षण की समाप्ति के पश्चात पुन: उसी वाहन से वापस वेयरहाउस में जमा की जाएगी।

# मुस्करा को नगर पंचायत का दर्जा देने की उठी मांग

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

- कस्बे के लोगों ने शासन-प्रशासन के प्रति जताया आक्रोश

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत मुस्करा को नगर पंचायत का दर्जा दिए जाने की मांग लोकसभा चुनाव में फिर जोर पकड़ने लगी है। यह मांग विपक्षी दलों के अलावा सत्ता पक्ष के कार्यकर्ताओं ने भी उठाई है। इससे पहले भी कई बार मुस्करा ग्राम पंचायत को नगर पंचायत का दर्जा देने की मांग हुई थी, लेकिन सफलता नहीं मिली, जिससे कस्बावासियों में शासन प्रशासन की उदासीनता को लेकर खासी नाराजगी है।

ज्ञात हो कि कस्बा मुस्करा नगर पंचायत की सभी अहर्ताएं पूरी करता है। कस्बावासियों ने कहा कि कस्बे को अभी भी ग्राम पंचायत का दर्जा हासिल कस्बे की आबादी लगभग 30 हजार है। कस्बे में 13 हजार से ज्यादा लोग मताधिकार का प्रयोग करते हैं। कस्बा निवासी समाजसेवी कुंवर संजय राज सिंह बुंदेला (रिटायर्ड फौजी) ने कहा कि इसी कस्बे में विकासखंड मुख्यालय भी स्थित है। साथ ही साथ राजकीय इंटर कॉलेज, पावर हाउस, कोतवाली, नवीन गल्ला मंडी, पोस्ट ऑफिस और राष्ट्रीयकृत बैंक इंडियन बैंक, आर्यावृत बैंक, डिस्टिक कोऑपरेटिव बैंक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित कस्बे में आधा दर्जन से ज्यादा हाईस्कूल है, जिसमें लड़कियों का इंटर कॉलेज भी अलग से है। कस्बे में एक बुंदेलखंड नवोदय महाविद्यालय के नाम से डिग्री कॉलेज भी स्थापित है।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने को निकाली जागरुकता रैली

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- डीएम और एसपी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, शत प्रतिशत मतदान का आह्वान

**अमृत विचार।** मंगलवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय से रन फार वोट मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इसे जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली पुरानी बाजार, बस स्टॉप, ट्रैफिक चौराहे होते हुए पटेल तिराहा पर समाप्त हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपील की कि ज्यादा से ज्यादा लोग 20 मई को मताधिकार का प्रयोग करें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम, सीएमओ डॉ. भूपेश द्विवेदी, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह, उप जिलाधिकारी आलोक सिंह, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार, अधिशासी अधिकारी लालजी, अपर सांख्यिकी अधिकारी बीएल यादव, सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला आदि मौजूद रहे।




रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम, एसपी। अमृत विचार

## मुआयना कर डीएम ने दिए निर्देश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने मंगलवार को चित्रकूट इंटर कॉलेज में चुनाव संबंधी प्रशिक्षण और पैकेजिंग की तैयारी का मुआयना किया। उन्होंने निर्देशित किया कि समय से पैकेजिंग करें। प्रशिक्षण के दौरान एक ही जगह से प्रवेश दिया जाए। डीएम ने कहा कि बैरिकेडिंग में कपड़े भी लगा दिए जाएं। निर्देश दिए कि प्रशिक्षण स्थलों पर पानी, पंखा व छांह की भी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। वीडियो व स्टिल फोटोग्राफी कराएं। इस मौके पर एडीएम उमेश कुमार निगम, एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, मऊ राकेश पाठक, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

## मतदान कार्मिकों को मतदान की सुविधा

**चित्रकूट।** उपायुक्त स्वत: रोजगार और प्रभारी अधिकारी डाक मतपत्र ओमप्रकाश मिश्र ने सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से कहा है कि जो मतदान कार्मिक मतदाता के रूप में पंजीकृत हैं, उनको पोस्टल बैलेट/ईडीसी के माध्यम से मतदान की सुविधा नौ मई से 14 मई 2024 तक प्रात: नौ बजे से शाम पांच बजे तक चित्रकूट इंटर कॉलेज में उपलब्ध रहेगी। उन्होंने दलों के जिम्मेदारों से अनुरोध किया है कि वे इस अवधि में अपने प्रतिनिधि को भेजें कि जिनकी देखरेख में पोस्टल बैलेट/ईडीसी के माध्यम से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई जा सके।

## आस्था...



**चित्रकूट।** आज बैशाखी अमावस्या है। तीर्थक्षेत्र में अमावस्या मेले के लिए मंगलवार से ही श्रद्धालुओं का आनाजाना शुरू हो गया था। हालांकि वाहनों की कमी की वजह से इनको काफी परेशानी का सामना भी करना पड़ा। चिलचिलाती धूप में श्रद्धालु पैदल परिक्रमा करने के लिए जाते दिखे। • अमृत विचार

समाधान मांगा

कार्यालय सहायकों के साथ न किया जाए मुआयना, समय से वेतन भुगतान की हो व्यवस्था

# अध्यापकों ने खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा आठ सूत्रीय ज्ञापन

संवाददाता, रामनगर (चित्रकूट)



बीईओ को ज्ञापन सौंपते रामनगर ब्लाक के शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई ने अध्यक्ष शिवभूषण त्रिपाठी की अगुवाई में मंगलवार को खंड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह को समस्याओं का आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने मांग की उनको समय से वेतन मिले, इसकी व्यवस्था की जाए। इसके अलावा शिक्षकों ने कार्यालय सहायकों द्वारा विद्यालयों के मुआयने को लेकर भी आपत्ति जताई।

शिक्षकों का कहना था कि प्रत्येक माह की 28 तारीख तक लेखाधिकारी कार्यालय में संबंधित कागजात दे दिए जाएं, जिससे वेतन समय से प्राप्त हो सके। शिक्षकों का कहना था कि कार्यालय सहायकों की नियुक्ति खंड शिक्षाधिकारी कार्यालय के लिए की गई है। कार्यालय सहायकों का शिक्षकों से जवाब सवाल करना नियमविरुद्ध है। इनके साथ विद्यालयों का निरीक्षण न किया जाए। शिक्षकों की यह भी मांग है कि अपरिहार्य कारणों पर कार्यालय सहायक साथ में रहें तो इनको स्पष्ट निर्देश दें कि वे निरीक्षण अवधि में विद्यालय से बाहर रहें तथा निरीक्षण में किसी प्रकार का सहयोग/हस्तक्षेप न करें।

## प्रत्यावेदन न लेने की भी शिकायत

- शिक्षकों ने बीईओ को बताया कि उनके कार्यालय में प्रत्यावेदनों व शिकायतों को रिसीव नहीं किया जाता है जबकि महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा शिक्षकों की समस्या संबंधित प्रत्यावेदन प्राप्त करके उनको जनसुनवाई पंजिका में दर्ज करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। शिक्षकों ने मांग की कि वित्त नियंत्रक महोदय के आदेशानुसार शिक्षकों के अवशेष के लिए किए गए ऑनलाइन आवेदन को तीन दिन में फॉरवर्ड किया जाए।

## ऑनलाइन अवकाश आवेदन का मुद्दा उठाया

- बीईओ को दिए ज्ञापन में शिक्षकों ने अवकाश के लिए ऑनलाइन आवेदन को आवेदित अवकाश दिवस से पहले ही स्वीकार या अस्वीकार करने का अनुरोध किया। इनका कहना था कि ऑनलाइन अवकाश आवेदन को समय से मान्य या अमान्य न करने पर यदि शिक्षक अनुपस्थित होते हैं तो उसकी जिम्मेदारी बीईओ की होगी।

इसके अलावा शिक्षकों ने शैक्षिक सत्र 2023-24 में संपन्न सेवारत शिक्षक प्रशिक्षण के टीए-डीए के भुगतान और जीपीएफ से आच्छादित शिक्षकों के लेखा पर्ची के संबंध में भी मांग ज्ञापन में रखी हैं।

बीईओ ने सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर ब्लाक मंत्री व्यास नारायण त्रिपाठी, रामशंकर, दिनेश सिंह, मनीष द्विवेदी, राकेश सिंह, विजय मिश्रा, विराग शुक्ला, सुधीर कुमार, शिवशंकर भार्गव आदि शिक्षक मौजूद रहे।

**सेटिंग-गेटिंग की करते हैं बातें**

ज्ञापन में शिक्षकों ने कार्यालय सहायकों पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि कार्यालय सहायकों द्वारा सूचनाओं के बहाने फोन किया जाता है और उसी फोन वार्ता में लेनदेन/सेटिंग की बातें भी होती हैं जबकि सूचनाओं की जिम्मेदारी संकुल शिक्षकों की है। कार्यालय सहायकों को निर्देशित किया जाए कि वे सूचनाओं के लिए नोडल संकुल शिक्षक से वार्ता करें और नोडल संकुल शिक्षक अपने संकुल शिक्षक से फोन करके सूचनाओं का आदान-प्रदान करें।

### परिवार परामर्श केंद्र में सुलह

**चित्रकूट।** अलबिया बानो निवासी तरौंहा ने पति मुस्कीम पुत्र इस्लाम निवासी फतेहगंज (बांदा) पर गालीगलौज, मारपीट व दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए एसपी को प्रार्थनापत्र दिया था। एसपी के निर्देश पर प्रभारी परिवार परामर्श केंद्र उप निरीक्षक गुड्डी देवी ने शिकायतों को सुनकर दूसरे पक्ष को बुलाया। दोनों को समझाया। दोनों पक्षों ने भविष्य में आपस में लड़ाई झगड़ा न करने की बात कही।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# भाजपा को सत्ता से हटाने को आतुर है जनता

## कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने मोदी सरकार पर जमकर साधा निशाना, कर्जमाफी का किया वादा

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय ने इंडिया गठबंधन की समन्वय बैठक में केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि अब जनता मोदी के झूठे वादों से ऊब चुकी है और भाजपा को देश की सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाने का मन बना चुकी है। उन्होंने मोदी सरकार को किसानों और नौजवानों का विरोधी करार देते हुए कहा कि देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो कांग्रेस किसानों का कर्ज माफ करके राहत पहुंचाएगी, वहीं नौजवानों को रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जाएंगे। कहा कि सरकार बनते ही सेना में अग्निवीर योजना को रद्द करके नियमित भर्तियां शुरू की जाएंगी। उन्होंने समन्वय बैठक में राहुल गांधी का संदेश सुनाकर सभी को सामूहिक प्रयास करके इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को जिताकर संसद भेजने का आह्वान किया।



समन्वय बैठक को संबोधित करते कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव। अमृत विचार


गठबंधन की ताकत का एहसास कराते सपा-कांग्रेस के नेता। अमृत विचार

शहर के स्टेशन रोड स्थित कांग्रेस जिला कार्यालय में मंगलवार को इंडिया गठबंधन की समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडेय ने बताया कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकतंत्र बचाने और देश की एकता व अखंडता के लिए करीब चार हजार किमी भारत जोड़ो यात्रा और करीब 6700 किमी भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल कर समूचे देश में एक अलख जगाई है। कहा कि यह चुनाव देश के संविधान, जनता के अधिकार, वंचितों के आरक्षण और बच्चों के भविष्य को बचाने का चुनाव है। उन्होंने मोदी सरकार को निशाने में लेते हुए कहा कि भाजपा की सरकार केवल दो उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है।

कहा कि देश की जनता अब भाजपा का काला सच जान चुकी है और मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को जनता के बीच पहुंचने और चुनाव में जी जान से जुटकर गठबंधन के उम्मीदवारों को जिताने का आह्वान किया। कहा कि देश में सरकार बनते ही कांग्रेस किसानों का कर्ज माफ करने और सेना में अग्निवीर योजना को तत्काल रद्द करने का काम करेगी। ताकि किसान और युवा सुरक्षित हो सकें। बैठक को इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार कृष्णा पटेल समेत प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल राय, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी, प्रदेश महासचिव अभिमन्यु सिंह, अंशू तिवारी, जेपी पांडेय, जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे, पूर्व जिलाध्यक्ष साकेत बिहारी मिश्रा, संकटा प्रसाद त्रिपाठी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अफसाना शाह, सपा जिलाध्यक्ष मधुसूदन कुशवाहा, सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव नीलम गुप्ता आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी संजय द्विवेदी दनादन, केशव पाल, मुमताज अली, बी.लाल, लक्ष्मीकांत मिश्रा, असद अल्वी, आदित्य सिंह, मो.इदरीस, अशरफ उल्ला पप्पूरम्पा, राजेश गुप्ता पप्पू, सपा नगर महासचिव पुरुषोत्तम गुप्ता, शमीम बांदवी, इंद्रजीत यादव, आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, जन अधिकार पार्टी के जिलाध्यक्ष हनुमान राजपूत समेत गठबंधन के घटक दलों के तमाम नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे।

# टीचर्स सोसाइटी ने शिक्षक के आश्रित को दी 50 हजार रुपये की चेक

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार:** टीचर्स सोसाइटी ने अपने सदस्य सहायता कोष से मृतक शिक्षक की पत्नी को 50 हजार की धनराशि का चेक प्रदान किया। वहीं कैंसर रोग से पीड़ित दो लोगों को इतनी ही सहायता देने की प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है। सोसाइटी अध्यक्ष ने बताया कि बोर्ड ने ऋण वितरण की क्षमता 100 से 150 करोड़ कराई गई है।

टीचर्स सोसाइटी के अध्यक्ष जयकिशोर दीक्षित ने बताया कि उनके बोर्ड को सोसाइटी के माध्यम से शिक्षकों को 100 करोड़ का ऋण वितरित करने की क्षमता प्राप्त हुई थी, जिसके सापेक्ष 57 करोड़ का लोन वितरित किया गया था। बोर्ड ने ऋण वितरण की क्षमता 150 करोड़ कराई। जिसके सापेक्ष 61 करोड़ का ऋण बांटा गया। कुल ऋण वितरण 118 करोड़ का हुआ है। जब नए बोर्ड का गठन हुआ था उस समय सोसाइटी एक करोड़ 56 लाख के घाटे में थी, लेकिन चालू वर्ष में ऐतिहासिक 62 लाख के फायदे के बाद यह घाटा मात्र 94 लाख बचा है। सोसाइटी से जिन अध्यापको व समिति के कर्मचारियों ने ऋण लिया है उनमें 228 सदस्य मृत्यु या अन्य कारणों से धनराशि नहीं भर पाए हैं। उनके खाते का एनपीए 2 करोड़ 62 लाख हो गया है।


शिक्षक की आश्रित को चेक प्रदान करते चेयरमैन। अमृत विचार

- कैंसर से पीड़ित दो लोगों को आर्थिक मदद देने की तैयारी

उन्होंने बताया कि एनपीए लोन धारकों को नोटिस जारी किया है और इस दिशा में प्रयास जारी है। दीक्षित ने बताया कि सोसाइटी ने अपने सदस्य सहायता कोष से मृतक अरविंद कुमार की विधवा गुंजा वर्मा को सहकारिता विभाग के रजिस्ट्रार एवं पूर्व अध्यक्ष प्रजीत सिंह एवं वर्तमान अध्यक्ष जय किशोर दीक्षित ने 50 हजार की धनराशि का चेक प्रदान किया। इसके अलावा कैंसर से पीड़ित रोहित अरोड़ा ब्लाक कमासिन एवं सुशीला देवी ब्लाक नरैनी को 50-50 हजार रुपए की सहायता देने की प्रक्रिया की जा रही है। उन्होंने सोसाइटी को आगे ले जाने में बोर्ड के पदाधिकारियों व सदस्यों के अलावा सचिव शिवकुमार सविता आदि को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# बेजुबानों की प्यास बुझाने को जगह-जगह रखे नांद

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति ने उठाया सेवा का बीड़ा

**अमृत विचार:** शिद्दत की गर्मी को देखते हुए बेजुबानों की प्यास बुझाने के लिए विश्व हिंदू महासंघ गौरक्षा समिति ने विशेष अभियान चलाते हुए शहर में जगह-जगह सीमेंट से बने पानी भरे नांद रखाए।

मई माह के पहले सप्ताह में गर्मी अपने पूरे रंग में आ गई है। गर्म हवाओं ने भी जोर पकड़ लिया है। भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। भीषण गर्मी को देखते हुए विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति ने बेजुबानों की प्यास बुझाने का बीड़ा उठाते हुए सोमवार को पूरे शहर में विशेष अभियान चलाते हुए अलग-अलग स्थानों पर सीमेंट से बनी पानी भरी नांद रखवाए। शहर के बिजलीखेड़ा में सभासद शोभा देवी के आवास के पास समिति ने पानी भरी नाद रखाई। सभासद ने प्रतिदिन बेजुबानों के लिए नाद में पानी भरने का भरोसा दिलाया। समिति जिलाध्यक्ष महेश प्रजापति ने शहरी क्षेत्र के लोगों से विशेष योगदान में जुड़ने का आह्वान किया। इस मौके में वार्ड सभासद, विनय प्रजापति, गौरक्षा समिति जिला महामंत्री राकेश त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष महेश धुरिया, जिला प्रचार मंत्री रजनीश प्रजापति, भाजपा नेता देवेश मोनू आदि लोग रहे।

## ट्रैक्टर- ट्रॉली चोरी में दो गिरफ्तार

**बांदा।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान में चार दिनों पहले ट्रैक्टर ट्राली चोरी करने वाले दो चोरों को नरैनी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। चार दिनों पहले गिरवां क्षेत्र के ग्राम पौंडरा गांव स्थित पहड़िया दाई नहर के पास से लोक निर्माण विभाग कार्य में लगी ट्रैक्टर ट्राली चोर ले गए थे। गिरवां थाने में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस हरकत में आई। गिरवां थानाध्यक्ष राकेश तिवारी, उप निरीक्षक कृष्ण प्रताप सिंह व कांस्टेबिल आशू सिंह ने मुखबिर की सूचना पर गुमाई गांव से ट्रैक्टर ट्राली चोरी करने वाले गिरवां थाना क्षेत्र के पौंडरा गांव निवासी प्रेम नारायण पुत्र राजा भइया और अवधेश पुत्र नत्थू यादव को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की टैक्ट्रर ट्राली बरामद की।

# शिविर में पॉक्सो एक्ट की दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

- सदर तहसील में लगा एक दिवसीय जागरुकता शिविर
- न्यायिक अधिकारियों ने बताए एक्ट के मुख्य उद्देश्य

**अमृत विचार:** विधिक जागरूकता शिविर में न्यायिक अधिकारियों ने लोगों को पॉक्सो एक्ट के तहत कानूनी जानकारी देते हुए अधिनियम के मुख्य उद्देश्य बताए। कहा कि बच्चों के यौन उत्पीड़न से संबंधित जटिल और संवेदनशील मुद्दों को ध्यान में रखते हुए 2012 में पाक्सो अधिनियम लागू किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को यौन उत्पीड़न से सुरक्षित रखना और दोषियों के विरुद्ध कठोर सजा दिलाना है।

सदर तहसील सभागार में जिला जज डा.बब्बू सारंग के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में पॉक्सो एक्ट व बच्चों के अधिकारों के संबंध में विधिक जागरुकता शिविर आयोजित हुआ।


जागरुकता शिविर को संबोधित करते न्यायिक अधिकारी।

अध्यक्षता कर रहे प्राधिकरण सचिव व अपर जिला जज श्रीपाल सिंह ने कहा कि पाक्सो के तहत 24 घंटे के अंदर बच्चे को संरक्षण व आवश्यकता के अनुसार चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। किसी व्यक्ति या पुलिस द्वारा ऐसे मामलों में रिपोर्ट न करने पर छह माह का कारावास या जुर्माना दोनों हो सकता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण निशुल्क अधिवक्ता भी उपलब्ध कराये जाते हैं। नसीहत दी कि किसी भी आने वाले बाहरी अथवा घर के आगंतुकों का बच्चों के साथ व्यवहार पर भी निगरानी करनी चाहिए। उनके बैठने उठने के तरीको पर भी निगाह रखनी चाहिए। सदर तहसील नायब तहसीलदार विवेक कुमार ने कहा कि यह कानून बच्चों को लैंगिक हमले, लैंगिक उत्पीड़न और अश्लील वीडियो, चित्र व साहित्य के इस्तेमाल जैसे अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता हैं। अभिभावकों से बच्चों को गुड और बैड टच के प्रति जागरूक करने को कहा। इस मौके पर राशिद अहमद, बुशरा खानम, कुसुम यादव, शोभित निगम आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप


शपथ ग्रहण करते अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी।

### तहसील अधिवक्ता संघ की नई टीम ने ली शपथ

**नरैनी।** तहसील अधिवक्ता वेलफेयर एसोसिएशन नवनियुक्त पदाधिकारियों को मंगलवार को तहसील सभागार में सिविल जज अभय कुमार ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मां सरस्वती में दीप प्रज्ज्वलित करने के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष इंद्रदेव सिंह, महासचिव हजारी लाल कुशवाहा सहित सभी पदाधिकारियों व कार्यकारिणी के सदस्यों को शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम सिविल जज ने कहा कि बार और बेंच का रिश्ता मधुर होना चाहिए। समारोह में अधिवक्ता कमलाकांत द्विवेदी व सुशील मिश्रा ने संबोधित किया। संचालन जगमोहन सिंह यादव ने किया। इस मौके पर जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अशोक दीक्षित, अधिवक्ता संघ अतर्रा अध्यक्ष वीरेंद्र पांडे, रामप्रकाश शिवहरे, रामेश्वर प्रसाद यादव, विद्यासागर द्विवेदी, हादी नियाजी, महेश तिवारी, चंददत्त त्रिपाठी, लालाराम, बद्री वर्मा, अवधेश मिश्रा रहे ।

### बोलेरो बनवाने आए युवक ने ट्रेन से कटकर जान दी

**बांदा।** मटौंध रेलवे स्टेशन के समीप सोमवार को 28 वर्षीय युवक का शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा पाया गया। वहां से गुजर रहे ग्रामणो ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। तलाशी के दौरान उसकी जेब से निकले अधार कार्ड के लिए उसकी शिनाख्त राजेद्र पुत्र रमइया निवासी गौरिहार छतरपुर के रूप में हुई। थानाध्यक्ष मटौध ने बताया कि राजेंद्र बोलेरो की मरम्मत करवाने महोबा आया था। यहां पर उसने ट्रेन से कट कर खुदकुशी कर लिया।

### रुपये न देने पर बेटे ने मां को पीटा

**बांदा।** नशा के लिए रुपये न देने से नाराज बेटे ने मां को डंडो से पीट कर घायल कर दिया। शोर गुल कर मौके पर पहुंचे पड़ोसियो ने समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। बिसंडा थाना क्षेत्र के घूरी गांव निवासी 48 वर्षीय शिवदेवी पत्नी कालका प्रसाद सोमवार की रात घर पर बैठी थी। तभी नशे की हालत में पुत्र बिमलेश आ गया और मां से रुपया मांगने लगा। मां ने रुपया देने से मना कर दिया। इसी से नाराज होकर उसने मां को लाठी से पीट कर घायल कर दिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है।

### युवती समेत दो ने जहर खाया

**बबेरू :** कोतवाली क्षेत्र के मझिला गांव निवासी 20 वर्षीय पुष्पा पत्नी सभाजीत ने घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। इसी तरह छतरपुर जिला के गहबरा निवासी 20 वर्षीय संदीप पुत्र लालाराम ने सोमवार की रात घरेलू कलह से तक आ कर जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# सरकार तक समस्याएं पहुंचाएगी बुंदेली सेना

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** बुंदेली सेना अध्यक्ष व संयोजक ने युवा टीम के साथ बैठक करते हुए बुंदेलखंड की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। बुंदेलखंड की विभिन्न समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण का संकल्प लिया।

बुंदेली सेना युवा टीम ने सेना अध्यक्ष राजा बुंदेला व संयोजक डा.आश्रय सिंह के जनपद आगमन पर युवा जिलाध्यक्ष भानु मिश्रा समेत अन्य पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। अध्यक्ष ने युवा टीम का मार्गदर्शन करते हुए बुंदेली धरोहर एवं बुंदेलखंड की बढ़ती बेरोजगारी समेत किसान समस्याओं पर चर्चा करते हुए समस्याओं के निराकरण को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने को कहा। कहा कि बुंदेलखंड राज्य निर्माण से यहां के युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा। किसानों को बुंदेलखंड राज्य के अंदर आने वाली योजनाओं का सीधे बुंदेलखंड वासियों को मिलेगा। सेना संयोजक ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण का संकल्प दिलाया। इस मौके पर संजय लश्करी, आलीम खान, सुमित सेन, बादल प्रजापति, राज, प्रभात मिश्रा, अंकुर जाटव समेत तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


संकल्प लेते बुंदेली सेना के कार्यकर्ता। अमृत विचार

- बैठक में पृथक बुंदेलखंड राज्य बनाने का लिया संकल्प

## दुकानदार व ग्राहक में हुई मारपीट

**नरैनी:** कोतवाली कस्बा के किदवई नगर निवासी श्याम सुंदर गुप्ता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि मंगलवार को दोपहर गोरेपुरवा गांव निवासी मोहम्मद सऊद सहित दो अज्ञात मेरे दुकान में समान खरीदने आए। एक घंटे बाद दोबारा दुकान आकर सामान बदलने को कहा।

जब उसने सामान बदलने से इंकार किया तो वे लोग उससे मारपीट करने लगे और दुकान में लगे काउंटर का कांच तोड़ दिया। शोरशराबा सुनकर दुकान के सामने लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को पकड़ लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सैनी ने बताया चश्मा को वापस करने को लेकर दोनो पक्षों में विवाद हुआ था। घटना की जांच की जा रही है।

# युवक व युवती ने जहर खाकर की खुदकुशी

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार:** अलग-अलग घटनाओं में युवक व युवती ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। युवती की मौते के मामले में मायके वालों ने ससुरालीजनों पर जबरन जहर खिलाकर मार डालने का आरोप लगाया है।

बिसंडा थाना क्षेत्र के बड़ा गांव निवासी संगीता (28) पत्नी कमलेश सोमवार की दोपहर बकरी चराने खेत गई थी। खेत में ही उसने जहर खा लिया। सीएचसी बबेरू में प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घरवालों ने उसे यहां लाकर भर्ती कराया। यहां उपचार से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। मृतका के जेठ का कहना है कि संगीता किसी बात को लेकर पति से नाराज हो गई। इसी के चलते उसने यह घटना अंजाम दी। वही मृतका के मायके वालो का कहना कि उसकी शादी 2015 में हुई थी। आरोप लगाया कि दहेज की मांग पूरी न होने पर जबरन जहर खिलाकर मार डाला। उधर, शहर कोतवाली क्षेत्र के गायत्री नगर निवासी राजू (45) पुत्र सदाशिव सोमवार की रात बाथरूम गया था। वहीं पर उसने सल्फास की गोलियां खा लिया। जिला अस्पताल में उपचार के बाद उसे कानपुर रेफर कर दिया। परिजन उसे कानपुर लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। मृतक के पारिवारिक भाई चुन्नू आत्महत्या की वजह नहीं बता सका

चुनावी कसरत — एआरटीओ व सीओ ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया

# ई-रिक्शा चालकों ने रैली निकाल मतदान को प्रेरित किया

कार्यालय संवाददाता,बांदा

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रशासन लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने की कवायदों में जुटा है। इसी क्रम में परिवहन विभाग की अगुवाई में ई-रिक्शा चालकों ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को पोलिंग बूथ पहुंचकर मतदान करने का आमंत्रण दिया। साथ ही संसदीय क्षेत्र में 85 फीसदी मतदान की अलख जगाई। शहर के प्रमुख मार्गों पर रैली निकालकर मतदान के प्रति जागरूक किया।

जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर परिवहन विभाग ने मंगलवार को 20 मई को बांदा-चित्रकूट संसदीय सीट के लिए जनपद में होने वाले मतदान में मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। ई-रिक्शा चालकों ने रैली में बढ़चढ़कर भागीदारी की। मतदाता जागरुकता अभियान के तहत बाबूलाल चैराहे से ई-रिक्शा रैली का शुभारंभ हुआ। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी शंकरजी सिंह और क्षेत्राधिकारी नगर राजीव प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। बाबूलाल चैराहे से शुरू होकर पीली कोठी होते हुए महाराणा प्रताप चैक से होकर कालूकुआं चैक पर आकर समाप्त हुई। इस रैली में बड़ी संख्या में ई-रिक्शा शामिल रहे। लोगों को 20 मई को होने वाले मतदान में अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस दौरान सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने लोगों को मतदान का महत्व बताया। मतदान से लोकतंत्र मजबूत होता है। रैली में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के अलावा यात्रीकर अधिकारी रामसुमेर यादव, क्षेत्राधिकारी नगर राजीव प्रताप सिंह, यातायात निरीक्षक राजेश कुमार वर्मा के अलावा परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।



जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाते एआरटीओ व सीओ सिटी। मतदान के प्रति जागरूक करते विद्याथी परिषद के कार्यकर्ता।

### एबीवीपी ने चलाया, मेरा वोट-मेरी आवाज अभियान

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने मंगलवार को शहर के बंगालीपुरा में मेरा वोट-मेरी आवाज मतदाता जागरूकता अभियान के तहत घर-घर जा कर लोगों को जागरूक किया। शत प्रतिशत मतदान की अपील की। विभाग संगठन मंत्री बृजनंदन राय ने बताया कि विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा राष्ट्रवादी छात्र संज्ञान है। लोकसभा के महा पर्व में परिषद समाज में लोगों के बीच जाकर मतदान करने के लिए जागरूक कर रहा है। इस मौके पर प्रांत सह एसएफडी संयोजक दिव्यांशु मिश्रा, जिला संयोजक नीतीश कुमार निगम, नगर मंत्री आशीष पांडेय, स्वतंत्र साहू, नगर सहमंत्री कार्तिकेय गुप्ता, प्रखर सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिस कर्मी ने बच्चे की बचाई जान

**बांदा।** जिला अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रही एक बच्चे के लिए पुलिस जवान फरिश्ता बनकर पहुंचा और रक्तदान कर उसकी जान बचा ली। जवान ने मानवता की ऐसी मिसाल पेश की है, जो पुलिस के प्रति लोगों की सोच बदलने वाली है।

रक्तदान कर मरीजों की जान बचाने में पुलिस कर्मी आगे आकर मानवता की नई मिशाल पेश कर रहे हैं। पैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम पड़ोरा निवासी अनूप कुमार का 2 वर्षीय पुत्र अंशु का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा था। उसे ए प्लस रक्त की आवश्यकता थी। यह रक्त जिला अस्पताल में उपलब्ध नहीं था। इसकी सूचना सर्विलांस सेल में नियुक्त आरक्षी मनीष मिश्रा को हुई तो उन्होंने तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती बच्चे के लिए रक्तदान किया। समय से रक्त मिलने से बच्चा पूरी तरह स्वस्थ्य है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### ट्रैक्टर से गिरकर घायल युवक की मौत

**महोबा।** खेत से वापस घर लौट रहे एक युवक के ट्रैक्टर से नीचे गिर जाने के कारण गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टरी परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कस्बा खन्ना निवासी शिवम प्रजापति 20 पुत्र राजा भैया मंगलवार को ट्रैक्टर से वापस घर लौट रहा था तभी रास्ते में अचानक वह ट्रैक्टर से सड़क पर जा गिरा जिससे उसके सिर पर गंभीर छोटे आने के कारण ग्रामीणों और पुलिस की मदद से उसे जिला अस्पताल महोबा भेजा गया सर से खून अधिक बह जाने के कारण उसकी मौत हो गई डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया इस घटना से मृतक के घर में कोहरा मचा हुआ है सांत्वना देने के लिए ग्रामीणों का दोपहर से ही आना-जाना जारी रहा।

### छह जुआरी पकड़े गए

**महोबा।** थानाध्यक्ष चरखारी गणेश कुमार द्वारा गठित की गई टीम ने जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को दबोच लिया। पुलिस ने जुआ खेल रहे अशीष गुप्ता, अनवर, मोहम्मद जमील, हलीम, भूपेंद्र यादव, जयहिंद को थाना चरखारी के ग्राम मझोल से दरगाह के पीछ से गिरफ्तार किया। पुलिस ने फड़ से दस हजार रुपये और ताश बरामद किए। तलाशी में छह हजार रुपये और मिले।

# 3.98 लाख के गबन में डाकपाल को किया निलंबित, रिपोर्ट दर्ज

## निजी तौर पर रखे गए कंप्यूटर ऑपरेटर ने अपने खाते में धनराशि ट्रांसफर की

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** कस्बा श्रीनगर के उप डाकघर में तैनात एक कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा 3,98,500 रुपये गबन किए जाने के मामले में डाकपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उसके खिलाफ थाना श्रीनगर में एफआईआर दर्ज करा दी गई है। इसके बाद से उप डाकघर के कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। सरकारी धन तीन दिन तक मुख्य डाकघर में जमा न करने पर जांच के लिए आई टीम ने उप डाकघर के खाते खंगाले तो 3,98,500 लाख गायब मिले।

उप डाकघर श्रीनगर में डाकपाल के पद पर तैनात अखिलेश कुमार को कंप्यूटर का ज्ञान न होने के कारण वह एक युवक को कंप्यूटर



उप डाकघर श्रीनगर के बाहर खड़ी जांच टीम। अमृत विचार

चलाने के लिए अस्थाई तौर पर रखे हुए थे। कंप्यूटर ऑपरेटर डाकपाल की आईडी से सारे काम करता था। कंप्यूटर ऑपरेटर ने लगभग 3,98,500 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए, जिससे मुख्य डाकघर में तीन दिन तक सरकारी धनराशि जमा नहीं हो सकी। इस पर सहायक पोस्टमास्टर महोबा ने डाकपाल से पैसा जमा करने के लिए कहा। इसके बाद भी पैसा जमा न होने पर सहायक पोस्टमास्टर महोबा आरडी यादव ने विभाग के उच्चाधिकारियों को सूचना दी। जिस पर बांदा, हमीरपुर और महोबा के अधिकारियों की टीम

उप डाकघर श्रीनगर पहुंची। दो दिन तक जाच पड़ताल करने के बाद पाया गया कि डाकघर के खाते में मात्र पांच हजार रुपये जमा है। शेष धनराशि गायब है। यह देखकर जांच टीम के अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए। डाक अधीक्षक बांदा गयूर खान ने उप डाकपाल अखिलेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

डाक अधीक्षक बांदा के आदेश पर सहायक पोस्टमास्टर महोबा ने डाकपाल श्रीनगर के खिलाफ थाना श्रीनगर में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है। जांच में लाखों रुपये का गबन पाया गया।

जिला मुख्यालय के पोस्टमास्टर आरडी यादव का कहना है कि खाताधारकों के सभी खाते सही ढंग से चल रहे हैं, इनमें कोई गड़बड़ी नहीं है। इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक के डाकखाने के खजाने के खाता से रुपये निकाले गए हैं। मामले की जांच की जा रही है और जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ आगे कार्रवाई होगी।

# चुनाव बहिष्कार की धमकी से हड़कंप

संवाददाता, जैतपुर-महोबा

**अमृत विचार।** विकासखंड जैतपुर की ग्राम पंचायत ठटेवरा में ग्रामीणों द्वारा सालों से अधूरी पड़ी सड़क का निर्माण आज तक पूरा न किए जाने पर ग्रामीणों ने मतदान बहिष्कार का निर्णय लिया है। इस आशय का पत्र ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी को भेज दिया गया। डीएम को पत्र मिलने के बाद मौके पर पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। आचार संहिता के बाद अधूरे रोड का निर्माण पूरा कराए जाने का आश्वासन दिया, इसके बाद ग्रामीण माने।

ग्राम पंचायत ठटेवरा के इंदौरा, रावतपुरा, खौनरिया और करारा के ग्रामीणों को दो दशक से खस्ताहाल सड़क से निकलकर तहसील कुलपहाड़ मुख्यालय आना जाना पड़ता है और बारिश के दिनों में इस मार्ग पर आवागमन बाधित हो जाता है। ग्रामीणों द्वारा कई बार अधिकारियों से अधूरे पड़े सड़क निर्माण कार्य को पूरा कराए जाने की मांग की गई, लेकिन अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। इससे आजिज आ चुके चार गांव



ग्रामीणों से बातचीत करते सीडीओ चित्रसेन सिंह। अमृत विचार

- **सीडीओ ने आचार संहिता खत्म होने के बाद सड़क बनवाने का दिया आश्वासन**

के ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार किए जाने का ऐलान कर दिया और इस आशय का हस्ताक्षरयुक्त पत्र जिलाधिकारी को भेज दिया। भेजे गए पत्र में लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किए जाने की बात कही गई। चुनाव बहिष्कार के बावत पत्र मिलते ही जिलाधिकारी के निर्देश पर मौके पर पहुंचे मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह ने ग्राम पंचायत ठटेवरा के ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और आमने सामने समस्याओं के बावत बातचीत की गई। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर वन विभाग काबिज है, इस पर पक्का काम कराने के लिए लंबी प्रक्रिया है, जिस पर सीडीओ ने सड़क निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता बीके जौहरी को इस्टीमेट बनाए जाने के लिए निर्देश दिए हैं। सीडीओ ने मौके पर ग्राम पंचायत अधिकारी को फटकार लगाते हुए कार्रवाई की चेतावनी भी दी। सीडीओ ने आचार संहिता समाप्त होने के बाद सड़क निर्माण कराए जाने का आश्वासन दिया, इसके बाद ग्रामीण अपने अपने घर चले गए।

# धूप-लू से बचाव करें खासकर दोपहर में

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**एडवाइजरी जारी**

- **घर में ज्यादा रहें, बाहर जाएं तो गमछा, छाता, धूप के चश्मे का करें प्रयोग**



**अमृत विचार।** प्रशासन ने बढ़ते तापमान व लू के प्रकोप के असर को कम करने के सरकारी स्तर पर सलाह दी जा रही है। लू से होने वाली मौत की रोकथाम के लिए धूप से बचने की मशविरा आमजन को दिया जा रहा है। गर्मी के मौसम में अधिक सावधानियां बरतते हुए बचाव के तरीकों से जनपदवासियों को को रुबरू कराने के साथ कड़ी धूप में बाहर न निकलने की सलाह दी जा रही है। खासकर दोपहर बारह बजे से दोपहर तीन बजे तक का समय अधिक खतरनाक है। इस दौरान बाहर निकलें तो जितनी बार हो सके पानी का अधिक सेवन करें। प्यास न लगी हो तो भी पानी पीते रहने की सलाह दी।

मंगलवार को अपर जिलाधिकारी वित्त रामप्रकाश ने लोगों की धूप-लू से सुरक्षा के लिए एडवाइजरी जारी की। एडवाइजरी में बताया कि हल्के रंग के सूती ढीले ढीले कपड़े ही पहनें। धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा, जूते और चप्पल का इस्तेमाल करते रहें। साथ ही सफर में अपने साथ पानी अवश्य रखें। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि शराब, चाय, कॉफी जैसे पेय पदार्थों का इस्तेमाल न करें, यह शरीर को निर्जलित कर सकते हैं। अगर आपका काम बाहर का है तो गीले कपड़े को अपने चेहरे, सिर और गर्दन पर रखें। अगर आपकी तबियत ठीक न लगे या चक्कर आए तो तुरन्त डॉक्टर से सम्पर्क करें। घर में बना पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नमक-चीनी का घोल, नींबू पानी, छाछ, आम का पना आदि का सेवन करते रहें। लू के चपेट में आने वाला व्यक्ति बिल्कुल लापरवाही न करें और शरीर को बर्फ या ठंडा पानी सें लागातार पोंछे। शरीर पर भीगा हुआ कपड़ा बिल्कुल न लपेटें क्योंकि इसे शरीर का तापमान बढ़ेगा और हालत पहले से गंभीर होने की संभावना बढ़ सकती है।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि जानवरों को छांव में रखें और उन्हें खूब पानी पीने को देते रहे। अपने घर को ठंडा रखें। धूप से बचाव के लिए पर्दे, शटर आदि का इस्तेमाल करें और रात में खिड़कियां खुली रखें। बताया कि धूप में वाहनों को खड़ा करके उन में बच्चों एवं पालतू जानवरों को बंद करके न छोड़ें। खाना बनाते समय कमरे के दरवाजे के खिड़की खुलें रखें, जिससे हवा का आना जाना बना रहे। उच्च प्रोटीनयुक्त खाद्य पदार्थ का सेवन करने से बचें और बासी भोजन का सेवन कतई न करें। स्थानीय मौसम के पूर्वनुमान को सुने और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन से निपटने के लिए उपचार का प्रशिक्षण लें।

# कर्मियों की चुनाव ड्यूटी लगने से बैंक का कार्य प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बड़ी संख्या में बैंकों के कर्मचारियों और अधिकारियों की चुनाव में ड्यूटी लगने से बैंकों का कामकाज पटरी से उतर गया है। जिले की ज्यादातर बैंक शाखाओं में लगभग तीस फीसदी स्टाफ ही अपने ग्राहकों को बेहतर सुविधा देने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन ग्राहकों की संख्या अधिक होने के कारण लोगों के समय बैंक संबन्धी कार्य पूरे नहीं हो पा रहे हैं, जिस कारण कस्टमरों को सिद्दत भरी गर्मी में बैंकों के कई चक्कर लगाने से उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने के जिले के सभी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी पर लगाया गया है। चुनावी कार्यों को सुचारू रुप से करने के लिए सभी कार्मिकों को चुनाव से



बैंक के अंदर ग्राहकों की लगी भीड़। अमृत विचार

पहले प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे मतदान के दिन कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े और जिले में 20 मई को बिना किसी रुकावट के मतदान प्रक्रिया पूर्ण हो सके। अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों की चुनाव ड्यूटी में लगाए जाने से जहां उनके कार्य क्षेत्र के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं, वहीं बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों की चुनावी प्रशिक्षण व अन्य चुनाव कार्य मे ड्यूटी लगने से बैंक ग्राहकों को सबसे ज्यादा दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

शहर से लेकर देहात तक के बैंकों के अधिकतर कर्मचारी चुनाव प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसके चलते करोड़ों रुपये का लेनदेन प्रभावित रहा। बैंक कस्टमर कामों कराने के लिए बैंक शाखाओं पर पहुंचे, लेकिन वहां हाथ से लिखा

- **ग्राहकों को लगाने पड़ रहे बैंक शाखाओं के कई चक्कर**

गया एक नोटिस चस्पा मिला। जिस पर लिखा हुआ था कि कर्मचारी चुनावी प्रशिक्षण पर गए हुए हैं, इसलिए कामकाज प्रभावित है। बैंक में दो चार कर्मचारी ही बैंक के अंदर मौजूद मिले, जो जरूरी कामकाम के साथ साथ बैंक आने वाले ग्राहकों के कार्य निपटाते नजर आए लेकिन कर्मचारियों के अभाव के चलते ज्यादातर ग्राहकों के कार्य नहीं हो पा रहे हैं, जिससे बैंक के अंदर कस्टमरों की भारी भीड़ जमा हो जाती है।

जिले की एक-दो बैंक शाखाओं को छोड़कर सभी सरकारी बैंकों के कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी लगने के कारण बैंक शाखाओं पर लेनदेन और बैंकिंग कामकाज प्रभावित नजर आया, जिसके चलते ग्राहक अपने जरुरी कार्य को कराने के लिए बैं शाखाओं के कई चक्कर लगा रहे हैं।

# स्ट्रांग रूम के डबल लॉक में रखी जाएंगी ईवीएम

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की तैयारियां जोरशोर से चल रहीं है। 20 मई को हमीरपुर-महोबा संसदीय सीट पर होने वाले मतदान से एक दिन पूर्व 19 मई को प्रत्येक विधानसभा के लिए आरक्षित ईवीएम मशीनों के नामित अधिकारियों द्वारा स्ट्रांग रुम के डबल लॉक में सुरक्षित रखा जाएगा। मतदान दिवस के दिन सुबह चार बजे सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट को आरक्षित मशीन प्राप्त कराई जाएगी।

मतदान समाप्ति के पश्चात समस्त नामित अधिकारी सुनिश्चित करेंगे कि जोनल सेक्टर मजिस्ट्रेट मॉकपोल के दौरान खराब ईवीएम मशीन श्रेणी सी तथा अप्रयुक्त रिजर्व मशीन श्रेणी डी को निर्धारित प्रारूप में समस्त मशीनों के विवरण सहित पुलिस सुरक्षा के साथ कलेक्ट्रेट

- **महोबा व चरखारी विस क्षेत्र के स्ट्रांग रूम के लिए अधिकारी नामित किए गए**

स्थित स्ट्रांग रुम में सहायक प्रभारी अधिकारी ईवीएम एवं वीवीपेट को मय सूची सहित हस्तगत कराया जाएगा। संसदीय सीट में जिले की विधानसभा 230 महोबा और 231 चरखारी शामिल है।

विधानसभा महोबा के तहसील मुख्यालय महोबा में स्ट्रांग रूम के लिए उपजिलाधिकारी महोबा, विधानसभा 231 चरखारी के तहसील मुख्यालय चरखारी में उपजिलाधिकारी चरखारी और तहसील मुख्यालय कुलपहाड़ में उपजिलाधिकारी कुलपहाड़ को नामित किया गया है। नामित अधिकारी अपनी अपनी विधानसभाओं के स्टांग रुम की जिम्मेदारी निभाएंगे।

# जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

**महोबा।** शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रैपुरा कला में एक महिला ने घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसने जहर खाने की बात परिजनों को बताई। परिवार के लोग गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल लाए। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रैपुरा कला निवासी विनीता 36 पत्नी त्रिलोक ने घर पर मंगलवार को जहर खा लिया। हालात अधिक बिगड़ने पर उसने परिजनों को जहर खाने की बात बताई। परिवार के लोग घबरा गए और उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने के कारण उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# गंदगी पाए जाने पर सफाई नायक का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** शहर के मगरिया और रायकोट वार्ड का नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पान मंडी में जगह जगह कूड़े के ढेर और गंदगी पाई गई। इसके अलावा नालियां कचरे से भरी पड़ी पाए जाने पर ईओ का पारा चढ़ गया। उन्होंने कार्य के प्रति लापरवाही बरतने पर सफाई नायक का तत्काल प्रभाव से वेतन रोक कर स्पष्टीकरण मांगा है। तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण न देने पर अग्रिम कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

- **अधिशासी अधिकारी के निरीक्षण में लापरवाही उजागर**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मद्देनजर पर्वेक्षक की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय में उच्चाधिकारियों की 5 मई को हुई समीक्षा बैठक में अभियान चलाकर नियमित नालियों और नालों की सफाई कराने के भी निर्देश दिए गए थे, बावजूद इसके शहर के मगरिया और रायकोट वार्ड में सफाई नायक द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया और न ही कर्मचारियों द्वारा की जा रही सफाई को देखा गया।

# डीएम ने क्रॉप कटिंग की प्रगति जानी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में क्रॉप कटिंग के संबन्ध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में क्रॉप कटिंग की प्रगति की समीक्षा की गई साथ ही फसल बीमा से संबन्धित आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। साथ ही क्रॉप कटिंग के बावत मौजूद अधिकारियों से जानकारी भी ली गई। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि राजस्व और कृषि विभाग की टीम के साथ जाकर खेतों में क्रॉप कटिंग का कार्य कराया गया है।

मालूम हो कि मार्च माह में बेमौसम हुई बारिश और ओलावृष्टि के चलते किसानों की फसलों को



अधिकारियों की बैठक लेते डीएम मृदुल चौधरी। अमृत विचार

भारी नुकसान हुआ था। किसानों को फसल के हुए नुकसान का मुआवजा दिए जाने और फसल का कितना नुकसान हुआ है इसकी जानकारी करने के लिए राजस्व विभाग और कृषि विभाग की टीमों को लगाया गया था। इसके बाद लेखपाल कानूनगो की मौजूदगी में अधिकारियों द्वारा फसल नुकसान की जानकारी करने के लिए खेतों में जाकर क्रॉप कटिंग कराई गई। बैठक में एडीएम वित्त रामप्रकाश, एसडीएम जितेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, अनुराग प्रसाद, डिप्टी कलेक्टर मृत्युंजय मिश्रा, उपनिदेशक कृषि अभय यादव आदि रहे।

**अभियान** | पेंशनर्स सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने 12डी फार्म जमा करने का किया आह्वान

# पेंशनर्स व वरिष्ठ नागरिकों को मतदान के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के निर्देश पर नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने मंगलवार को बीएलओ के माध्यम से फार्म-12डी भरकर जमा करने के लिए मतदाता जागरण अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पेंशनरों वरिष्ठ नागरिकों के घर घर जाकर उनसे संपर्क किया और वृद्ध मतदाताओं को फार्म भरने और मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। जिले के तहसील और ब्लाक स्तर पर इस अभियान में पेंशनरों की टीमें गठित कर मतदान के प्रति प्रेरित किया गया।

वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान उत्तर प्रदेश के महामंत्री बीके तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के सभी जनपदों में पेंशनर संगठन के पदाधिकारी

- **संगठन के लोगों ने बीएलओ को बनाया माध्यम**

अभियान को सफल बनाने कड़ी मेहनत के जुटे हुए हैं, जिससे पेंशनर, वृद्ध मतदाताओं के फार्म-12डी भरते हुए उन्हें अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में शहर में संस्थान के मंडल अध्यक्ष ओपी सिंह एवं जनपद स्तर पर सुनील शर्मा, जगदीश कुमार, बसंत लाल गुप्ता, राम सजीवन गुप्ता, लघुचन्द्र नारायण अरजरिया सहित वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवकुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम गठित की गई है। इसी तरह ब्लाक पनवाड़ी में बाबूलाल नायक, पीडी कुशवाहा तथा चरखारी में राकेश थापक, योगेश पाठक, महेश्वरीदीन के अलावा कबरई में ईश्वरी प्रसाद तिवारी, लक्ष्मी तिवारी, दुर्गादीन शुक्ला की टीम गठित की गई। इन टीमों ने अपने अपने क्षेत्र में बीएलओ के माध्मय से अभियान चलाकर फार्म भरने और मतदान करने के प्रति जागरूक किया।

महामंत्री ने बताया कि जैतपुर में बृजभान अनुरागी, उदयभान सिंह की टीम गठित की गई, जबकि श्रीनगर में ओमप्रकाश त्रिपाठी, रामकृपाल नायक के नेतृत्व में अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जनपद महोबा में वृद्ध पेंशनरों को बूथ तक पहुंचाने के लिए योजना पर भी विचार किया गया, जिससे चौथे चरण का मतदान अन्य तीन चरणों से अधिक हो सके। महामंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव पर्व में पेंशनरों की भूमिका अहम है और उन्होंने अपने जीवन में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। उन्होंने राष्ट्रीय हित में प्रगतिशील, रोजगारपरक सरकार बनाने में जीवन के अंतिम पड़ाव में पेंशनर्स से हीट स्ट्रोक से बचते हुए मतदान करने की अपील की है।

# अधिकाधिक मतदान कराने की पहल हुई

**महोबा।** वेद निधि फाउंडेशन के तत्वावधान में लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां पर अधिक से अधिक मतदान किए जाने पर जोर दिया गया। कहा कि अधिक मतदान एक समर्थ समाज और सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए मतदाता को अपने मत का अधिकार समझते हुए मतदान अवश्य करना चाहिए। मुख्य अतिथि कालका प्रसाद गुप्ता ने आह्वान किया कि 20 मई को लोकसभा चुनाव में मतदान कर अपनी लोकतंत्र के प्रति जिम्मेदारी का निर्वहन करें। भारत के प्रत्येक नागरिक का मतदान प्रक्रिया मे अपना योगदान बहुत जरूरी है, क्योंकि आपका एक वोट ही अच्छी




मतदान करने की शपथ लेते लोग। अमृत विचार

सरकार को चुन सकता है। कार्यक्रम मे 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी प्रशिक्षित छात्राओं को वोटर लिस्ट मे नाम जुड़वाने की प्रक्रिया को समझाया गया तथा प्रथम बार अपने मताधिकार प्रयोग करने वाले वोटर को पोलिंग बूथ मे मतदान के दौरान होने वाली प्रक्रिया को विस्तार से बताया। फाउंडेशन के सचिव रामचंद्र पाठक ने उपस्थित सभी लोगों को मतदान करने की शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि शपथ लें और अपने राष्ट्र निर्माण के लिए मतदान में जरूर हिस्सेदारी लें, क्योंकि हमारा एक एक वोट ही देश के भविष्य की नीव रखता है। अध्यक्ष जागृति गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# एक साल बाद दर्ज की गई छेड़खानी की रिपोर्ट

संवाददाता, कुलपहाड़ महोबा

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जैतपुर के एक मोहल्ले में महिला के साथ छेड़खानी व मारपीट किए जाने के मामले में अदालत के आदेश पर एक साल बाद मुकदमा कुलपहाड़ कोतवाली में दर्ज किया गया है। पूर्व में पीड़ित महिला द्वारा दी गई शिकायत के बावजूद भी कुलपहाड़ पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया था, जिस पर पीड़िता ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। अब अदालत के आदेश के बाद पीडिता को न्याय मिला है।

कुलपहाड़ कोतवाली के जैतपुर गांव के एक मोहल्ले की महिला की तहरीर के आधार पर न्यायालय के आदेशानुसार कुलपहाड़ कोतवाली में आरोपी प्रवेंद्र अग्रवाल पुत्र ओमप्रकाश निवासी जैतपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया

- **पुलिस ने नहीं लिखी थी रिपोर्ट अदालत की लेनी पड़ी शरण**

है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इसके बाद न्यायालय चार्जशीट पेश की जाएगी। पीड़िता महिला ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि 28 जुलाई 2023 को जब वह घर में अकेली थी और उसका पति मैकेनिक के काम से बाहर गया हुआ था और बच्चे स्कूल गए थे, तभी पड़ोसी आरोपी घर में घुस आया और उसने बुरी नियत से जबरन उसे पकड़ते हुए दुष्कर्म करने का प्रयास किया गया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग खड़ा हुआ। शिकायत कुलपहाड़ कोतवाली में की गई थी, लेकिन उस दौरान पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया था। पीड़िता ने सिविल जज जूनियर डिवीजन कुलपहाड़ में 156(3) के तहत प्रार्थना पत्र दिया था।

# पेयजल संकट: महिलाओं ने तहसील में किया प्रदर्शन

## लोगों में आक्रोश, पालिका अध्यक्ष ने तीन दिनों के अंदर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया


तहसील में पानी को लेकर प्रदर्शन करती वार्ड पांच की महिलाएं। अमृत विचार


सायर गांव में नमामि गंगे की डाली जा रही पाइप लाइन। अमृत विचार

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की समस्या को लेकर दर्जनों महिलाओं व पुरुषों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अति शीघ्र समस्या का समाधान करने की मांग की है। जबकि इस संबंध में पालिका अध्यक्ष ने तीन दिवस के भीतर पीड़ितों को पानी मुहैया कराने आश्वासन दिया है।

कस्बे के वार्ड नंबर 5 के साजन तालाब से वर्षों से पाइप लाइन के द्वारा पेयजल मुहैया कराया जाता था। कुछ सालों से उस पाइप लाइन से पानी आना बंद हो गया। इस समस्या की शिकायत मोहल्ले के लोग समय-समय पर अधिकारियों को दर्ज कराते रहे, किन्तु समस्या का समाधान नहीं हो सका। इससे आक्रोशित महिलाओं व पुरुष एकत्रित हो मंगलवार को सड़क पर प्रदर्शन करते हुए जल संस्थान के कार्यालय पहुंचे और संबंधित स्टाफ को खरीखोटी सुनाते हुए जलापूर्ति की मांग की।

● जलसंस्थान में अधिकारियों ने नहीं दिया सही जवाब

जल संस्थान में अधिकारियों द्वारा आश्वासन सही न मिलने से वे लोग उप जिलाधिकारी की चौखट पर पहुंच कर पानी दो पानी दो या जान लो के नारे लगाते हुए पेयजल की मांग करने लगे, जिस पर उप जिलाधिकारी राजेश चंद्रा ने पीड़ितों की समस्या सुनकर उनका ज्ञापन लेने के बाद संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर जल्द ही समस्या का निवारण कराए जाने की बात कही है। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद ने प्रदर्शनकारियों से तीन दिवस के भीतर समस्या का निवारण कराए जाने का आश्वासन दिया है।

## तीन किलोमीटर दूर से पानी ढो रहे ग्रामीण

**मौदहा (हमीरपुर)।** विकासखंड के सायर गांव में पीने के पानी की समस्या का संकट खड़ा हो गया है। ग्राम प्रधान प्रदीप विश्वकर्मा ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर गांव में भीषण गर्मी में पेयजल किल्लत को देखते हुए पानी की टंकी व अन्य संसाधनों से पेयजल की व्यवस्था कराने की मांग की है। गांव निवासी लल्लू यादव, दिनेश महाराज व चुन्नू विश्वकर्मा आदि ने बताया कि वह पानी के लिए बेहद परेशान हैं। पूरा गांव पानी की तलाश में दूर-दूर तक सुबह से और देर रात तक खेतों में लगे नलकूपों से तो कोई दूर के कुएं से बैलगाड़ी और अन्य साधनों से पानी लाने को मजबूर हैं। यदि शासन प्रशासन नहीं सुनता तो वह इसके लिए धरना प्रदर्शन और सड़क जाम तक की योजना बनाने के लिए मजबूर होंगे। इस संबंध में नमामि गंगे के सहायक अभियंता शिवम त्रिपाठी ने बताया कि वह गांव गए थे। गांव में पानी की समस्या है। एक नलकूप का मोटर फुंका हुआ है।

## अवैध गुटखा फैक्ट्री पर पुलिस ने की छापेमारी दो लोग हुए गिरफ्तार

**मुस्करा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के बिहुनी के सरुआ डेरा में कई महीनों से संचालित अवैध गुटखा फैक्ट्री पर पुलिस ने छापेमारी कर दो लोगों को मौके से गुटखा बनाते हुए पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा है।

कस्बे के उपनिरीक्षक शिवम पांडे ने बताया कि पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के गांव बिहुनी के सरूआ डेरा में अमन राजपूत पुत्र लाखन राजपूत के खंडहर पड़े मकान में अवैध गुटखा फैक्ट्री कई महीनों से संचालित है। जिस पर उपनिरीक्षक दीपक, हेड कांस्टेबल कमलेश यादव, कांस्टेबल शिवकुमार तिवारी, अनस, सहित पूरी टीम ने छापेमारी की। जिस पर मौके से अवैध गुटखा बनाते हुए भीषम पुत्र शिवनाथ निवासी सरूआ डेरा बिहुनी व बालेंद्र राठौर पुत्र रामस्वरूप निवासी बिहुनी खुर्द को दबोच लिया। बताया कि मौके से गुटखा बनाने एवं पैक करने वाली मशीन, तंबाकू, सुपारी, केमिकल और कई बोरियों में मिश्रित अवैध गुटखा बरामद किया गया है। उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया जा रहा है। इसमें संलिप्त अन्य लोगों की जानकारी होने पर जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

## सार-संक्षेप


कार्यक्रम में संबोधित करते वक्ता। अमृत विचार

### रवींद्रनाथ टैगोर को दी गई श्रद्धांजलि

**हमीरपुर।** आजादी के संघर्ष के महात्मय को देखते हुए वर्णिता संस्था के तत्वावधान में नोबेल पुरस्कार प्राप्त रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती मनाई गई। सुमेरपुर कस्बे में संस्था के अध्यक्ष डॉ. भवानीदीन ने सुमनांजलि देते हुए कहा कि टैगोर जी सही मायने में भारत माता के एक प्रभावी प्रज्ञा पुरोधा थे। इनका जन्म सात मई 1861 को कोलकाता में देवेंद्र नाथ टैगोर और शारदा देवी के घर हुआ था। टैगोर बंगाली ब्राह्मण थे। इन्होंने सेंट जूवियर स्कूल में शिक्षा प्राप्त की, पिता की इच्छा को देखते हुए बैरिस्टर बनने के लिए लंदन गए। वहां से बिना डिग्री वापस आ गए। प्रारंभ से ही ये साहित्यसेवी और राष्ट्रवादी थे, इन्होंने विस्तार से लेखन का कार्य किया, दो राष्ट्रगान लिखे, एक भारत तथा दूसरा बांग्लादेश के लिए। कहानियां, संग्रह और उपन्यास लिखने के बाद गीतांजलि नामक अमरकृति लिखी। उन्हें 1913 में नोबेल पुरस्कार मिला। सांस्कृतिक विकास में इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इनकी पत्नी मृणालिनी ने पूरा साथ दिया, ये अपने 80 वर्षों के जीवन में सदैव देश धर्मी रहे, इनका सात अगस्त 1941 को कलकत्ता में निधन हो गया। कार्यक्रम में पंकज सिंह, रिचा, छोटू सोनकर, राहुल यादव, सिद्धा, बाबूलाल, प्रिन्स, सागर और राम लखन आदि मौजूद रहे।

### चार दिन पहले हादसे में घायल युवक ने दम तोड़ा


अजीत।

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के कुर्रा गांव के पास चार दिन पहले तेज रफ्तार डग्गामार वाहन ने एक बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए परिजन ग्वालियर ले गए थे। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मंगलवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मझगवां थाने के इटौरा गांव निवासी अजीत (21) पुत्र ओमप्रकाश चार दिन अपने गांव इटौरा से कस्बे आ रहा था। कोतवाली क्षेत्र के कुर्रा गांव के पास तेज रफ्तार डग्गामार वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी के चिकित्सकों ने युवक को इलाज के लिए ग्वालियर रेफर कर दिया था। सोमवार की शाम युवक की मौत हो गई। मंगलवार को मझगवां पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि अजीत अपने दो भाईयों में सबसे छोटा था। मेहनत मजदूरी और खेती कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

### पुलिस चौकी के पास दुकान में हजारों की चोरी

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के रामलीला मैदान में चोरों ने एक किराने की गुमटी की छत काटकर नकदी समेत हजारों रुपयों का सामान चोरी कर ले गए। सुबह जब दुकानदार ने गुमटी की छत कटी देखी तो होश उड़ गए। पीड़ित दुकानदार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। गौरतलब है कि रात के समय कस्बे में पुलिस की गश्त न होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं। सोमवार की रात चोरों ने रामलीला मैदान स्थित पुलिस चौकी के बगल में स्थित एक किराने की गुमटी की छत काटकर हजारों का सामान व नकदी ले गए। कस्बे के मियां पुरा मोहल्ला निवासी दुकानदार राजेश कुमार पुत्र बाबूलाल गुप्ता ने बताया कि रामलीला मैदान में उसकी किराने की दुकान है। सोमवार की रात चोरों ने उसकी गुमटी की छत काटकर दुकान में रखे करीब 6500 रुपये समेत करीब 50 हजार रुपये कीमत का सामान चोरी कर ले गए। इंस्पेक्टर उमेश कुमार ने बताया कि घटना की जांच कराई जा रही है। शीघ्र ही चोरी का खुलासा किया जायेगा।

### ओवरलोड होने से फुंक रहे ट्रांसफार्मर

**राठ (हमीरपुर)।** भीषण गर्मी के चलते कस्बे की बिजली व्यवस्था पटरी से उतर गई है। बिजली न आने से गर्मी के चलते लोगों का बुरा हाल हो गया है। गर्मी का आलम यह है कि मोहल्लों में लगे विद्युत ट्रांसफार्मर ओवर लोड के चलते फुंक रहे हैं। विभागीय अधिकारी भी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। बिजली विभाग की इस कार्य प्रणाली से लोगों में रोष व्याप्त है। गौरतलब है कि इस समय तापमान 42 डिग्री के ऊपर चल रहा है। दोपहर में भीषण धूप और गर्म हवाओं के चलते से लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। ऐसे में बिजली भी खूब दगा दे रही है। बिजली का आलम यह है कि कब बिजली आ जाए और कब चली जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। गर्मी के चलते ट्रांसफार्मर में लोड़ बढ़ने से मोहल्लों में लगे ट्रांसफार्मर भी फुंक रहे हैं। जिससे विद्युत उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न रहने से पेयजल संकट भी गहरा गया है। भीषण गर्मी के चलते मंगलवार की दोपहर सिकंदरपुरा मोहल्ले में लगा ट्रांसफार्मर धड़ाम हो गया। समाचार लिखे जाने तक मोहल्ले की बिजली दुरस्त नहीं हो सकी थी।

### नाले की स्लैब टूटने से राहगीर हो रहे चुटहिल


हाईवे किनारे टूटी नाले की छत।

**पौथिया (हमीरपुर)।** राठ हमीरपुर हाईवे पर सड़क निर्माण के बाद दोनों साइड फुटपाथ व नाले का निर्माण कराया गया था। इधर जगह–जगह नाला टूटने के कारण लोग इनमें गिरकर चुटहिल हो जाते हैं। बताते चलें कि ठेकेदार द्वारा सड़क एवं नाले का निर्माण करीब तीन वर्ष पूर्व कराया गया था, लोगों को पैदल चलने के लिए फुटपाथ के बगल में नाले का भी निर्माण हुआ है, लेकिन नाला कई जगह से टूटकर धंस गया है। जिससे सुबह शाम मॉर्निंग वॉक पर निकलने वाले लोग अक्सर गिरकर घायल हो जाते हैं। वहीं स्कूल जाने वाले बच्चे भी नाले में गिरने से चुटहिल हो जाते हैं। ग्रामीणों ने कई बार ठेकेदार को टूटे पड़े नाले को बंद कराने के लिए कहा है, लेकिन लगातार अनसुनी की जा रही है। उधर प्रधान प्रतिनिधि आशीष सचान ने बताया विश्व बैंक योजना से नाला सड़क फुटपाथ निर्माण के लिए धन आवंटित हुआ था। पांच साल तक मेंटेनेंस की जिम्मेदारी उन्हीं लोगों की है।

## एक नजर

### पुरानी रंजिश के चलते युवकों को पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** जलालपुर थाने के बिचौरा डेरा गांव में पुरानी रंजिश के चलते कुछ युवकों ने दो युवकों को जमकर पीटा। घायलों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिचौरा डेरा गांव निवासी बंटा यादव पुत्र सूरा ने बताया कि उसके पुत्र संदीप और सचिन अपने घर के दरवाजे पर बैठे हुए थे। उसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते गांव के नरेश, मुल्लू, सोहनलाल व कालका आए और गाली गलौज करने लगे। जब उसके पुत्रों ने गाली देने का विरोध किया तो आरोपियों ने जमकर मारापीटा। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। घायलों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जमीन पर कब्जे की शिकायत एसडीएम से

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** क्षेत्र के मुंडेरा गांव निवासी एक व्यक्ति ने एसडीएम सदर को शिकायत सौंपकर गांव के एक दंपति पर जमीन में जबरन कब्जा करने का आरोप लगाकर न्याय की गुहार लगाई है। मुंडेरा निवासी अमित उर्फ मिंटू ने एसडीएम सदर को अवगत कराया है कि गांव निवासी रेखा उसका पति रामनरेश एवं ससुर गयादीन साहू उसकी जमीन पर जबरन कब्जे का प्रयास कर रही है। मना करने पर गाली–गलौज करके फर्जी मुकदमे फसाने की धमकी दे रहे हैं। एसडीएम सदर ने थानाध्यक्ष को जांच के बाद कार्यवाही करने का आदेश दिया है।

### महिला ने खाया जहर

**राठ (हमीरपुर)।** मझगवां थाने के खिरिया गांव में मानसिक तनाव के चलते रश्मि (20) पत्नी ताज मोहम्मद ने मानसिक तनाव के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। महिला की जब हालत बिगड़ी तो परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया।

# बढ़ते तापमान से उल्टी, दस्त व बुखार के बढ़े मरीज

संवाददाता, कुरारा(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र में बढ़ते तापमान की चलते उल्टी, दस्त, पेट दर्द, बुखार के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सीएचसी में मंगलवार को ओपीडी में 161 मरीजों ने अपना उपचार कराया।

क्षेत्र में बीते एक सप्ताह से मौसम के उतार-चढ़ाव के चलते गर्मी का प्रकोप होने से उल्टी, दस्त, पेट दर्द, बुखार के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। मंगलवार को सीएचसी में ओपीडी में 161 मरीजों ने अपना उपचार कराया। जिसमें ज्यादातर मरीज उल्टी, दस्त, पेट दर्द के देखे गए। सीएचसी अधीक्षक सुनील कुमार जायसवाल ने बताया कि गर्मी से राहत के लिए मरीजों के लिए हर वार्ड में एक-एक कूलर व पंखे की की व्यवस्था की गई है। पानी पीने के लिए फ्रीजर की व्यवस्था की गई है। उन्होंने गर्मी से बचाव के लिए बताया कि अगर धूप में निकले तो गमछे को हल्का गीला करके सिर को ढक कर निकले। ठंडे पानी से शरीर में हल्का गीला करें, ज्यादा से ज्यादा पानी पिए, ओआरएस का घोल बनाकर पिए। ओआरएस न हो तो चीनी नमक का घोल बनाकर पर्याप्त मात्रा में पिए। अनावश्यक धूप में न निकले।


सीएचसी में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

### लू की चपेट में आने से बच्ची की मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे के सिचौली पुरवा निवासी गौसिया (10) पुत्री तौसीफ की लू की चपेट में आने से मौत हो गई। तौसीफ ने बताया कि गौसिया सोमवार की दोपहर बच्चों के साथ खेल रही थी। खेलते–खेलते वह बेहोश हो गई। सीएचसी में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीएचसी के अधीक्षक डॉ. रजत रंजन तिवारी ने बताया कि लू से बचाव के लिए बच्चों को दोपहर में बाहर न निकलने दें।

## बहुत ही जरूरी हो तो ही धूप में निकलें


आयुर्वेद चिकित्सक डॉ.मनोज त्रिपाठी।

**मुस्करा (हमीरपुर)।** करीब एक पखवाड़े से तापमान कम होने का नाम नहीं ले रहा है। विगत एक सप्ताह से धूप और लू से परेशान लोग दिन में घर से बाहर निकलने में भी कतरा रहे हैं। दिन भर बाजारों में, सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आता है। इसमें सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन व साइकिल चालक तथा पैदल चलने वालों को हो रही है। भीषण गर्मी के मौसम में लोगों को स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देते हुए डॉ.मनोज त्रिपाठी ने कहा कि इस समय गर्म लू के साथ भीषण गर्मी पड़ रही है। बताया कि ऐसे मौसम में मनुष्य की इम्यूनिटी पावर कम हो जाती है। तेज धूप व गर्मी से लोगों को उल्टी, दस्त, बुखार आदि की समस्या हो सकती है। इसलिए जरूरी है कि तेज धूप में बाहर निकलने से बचें। अपने आवश्यक काम सुबह या शाम को निपटाए। फिर भी यदि किसी आवश्यक कार्य से बाहर निकलना ही पड़े, तो अपना शरीर, सिर व कान ढक कर व पर्याप्त मात्रा में पानी पीकर ही बाहर निकले। इस मौसम में सबसे अधिक बीमारी डिहाइड्रेशन की होती है। इसके बाद भी यदि कोई स्वास्थ्य से संबंधित किसी भी तरह समस्या आती है तो तत्काल चिकित्सक से परामर्श लें।

## आज किया जाएगा ईवीएम का द्वितीय रैंडमाइजेशन

**हमीरपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय ने समस्त 11 उम्मीदवारों को पत्र जारी कर सूचित किया है कि जनपद में पंचम चरण के मतदान 20 मई को ईवीएम मशीनों के द्वितीय रैंडमाइजेशन के दृष्टिगत सामान्य प्रेक्षक की अध्यक्षता में बुधवार को पूर्वान्ह 11:30 बजे डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट परिसर में बैठक आहूत की गई है। जिसमें 12 बजे से ईवीएम/वीवीपैट मशीनों का द्वितीय रैंडमाइजेशन ईएमएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त उम्मीदवारों को स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि को उपस्थित रहने को कहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पत्र के क्रम में विधानसभा वार ईवीएम/वीवीपैट की कमीशनिंग बीईएल कंपनी से आए तकनीकी कर्मियों की उपस्थिति में कृषि उत्पादन मंडी समिति भरुआ सुमेरपुर में बुधवार को प्रातः 10 से सायं छह बजे तक प्रत्येक दिन कार्य की समाप्ति तक किया जाएगा।

# बाइक खड्ड में गिरी, एक की मौत

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** थाना जलालपुर क्षेत्र में भेड़ी गांव से झाड़-फूंक कराकर लौटते तेज रफ्तार बाइक असंतुलित हो गई और राजामऊ गांव के निकट बम्हौली पुलिया के पास गहरे खड्ड में जा घुसी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। तीसरे को चोटें नहीं आई वह सही सलामत निकल कर भाग गया।

जनपद जालौन के थाना आटा के परासन अलमोरी गांव निवासी राजू (20) पुत्र हरिकिशन थानाक्षेत्र के राजामऊ गांव अपनी ननिहाल में रहता है। राजू अपने रिश्तेदार संजय पुत्र चंद्रभान और बबलू पुत्र गड़ेला के साथ जलालपुर थाने के भेड़ी गांव झाड़-फूंक कराने गया था। लौटते समय धौहल जलालपुर मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक खाई में जा गिरी। हादसे में राजू और संजय गंभीर रूप से घायल हो गया। बबलू के मामूली खरोंचे आई। लेकिन वह घायलों की मदद करने के बजाए वहां से भाग निकला। दोनों घायल घटनास्थल पर दो घंटे तक पड़े तड़पते रहे। इसकी वजह से किसी को हादसे की भनक तक नहीं लगी। घटना की जानकारी लगते ही परिजन दोनों को सीएचसी छानी ले गए। जहां चिकित्सकों ने घायल राजू को मृत घोषित कर दिया।

### बाइक सवार अन्ना मवेशी से टकराकर गंभीर रूप से घायल

**पौथिया (हमीरपुर)।** ललपुरा थाना के कलौलीजार गांव निवासी रामकिशोर (25) पुत्र रामपाल बाइक से बिना हेलमेट लगाए छानी किसी काम से जा रहा था। तभी राठ हाईवे पर छानी टंकी के पहले अन्ना मवेशी से टकरा कर सड़क किनारे खाई में गिर गया। वहां से गुजर रहे एंबुलेंस के चालक रामरहीम व ईएमटी हरिओम सचान ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

चुनावी कसरत

गांवों, कस्बों में मतदाताओं को जागरूक करने का सिलसिला लगातार जारी

# रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता के जरिए बताई वोट डालने की कीमत


पचखुरा गांव में जागरुकता रैली निकालते। अमृत विचार


मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती समूह की महिलाएं। अमृत विचार


कुसमरा गांव में मतदाता जागरुकता रैली निकालतीं महिलाएं। अमृत विचार

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के पिछले चुनाव में कम मतदान वाले गांव में मतदाताओं को जागरूक करने का सिलसिला जोरों पर चल रहा है। पचखुरा गांव में महिलाओं ने मेहंदी सजाकर मतदान लिए प्रेरित किया।

मंगलवार को खंड विकास अधिकारी दिव्या त्रिपाठी ने क्षेत्र के ममना गांव में मतदाता जागरूक रैली निकाली तथा शपथ का आयोजन कराया। बीलपुर गांव रैली के बाद टोली गीत संपन्न हुआ। पचखुरा गांव में महिलाओं ने अपने हाथों में मनमोहक मेहंदी सजाकर मतदान का संदेश दिया। सहायक विकास अधिकारी राम मनोहर सोनी ने बरहरा गांव में रैली निकाली। जिटकरी, जमौडीं, हरसुंडी, मंगरौल में भी मतदाता जागरूक रैली व शपथ का आयोजन हुआ। इंदरपुरा में संकल्प वृक्ष मतदान जागरूक रैली निकाली गई। इस मौके पर ग्राम प्रधान, सचिव व स्वच्छ भारत मिशन के कर्मचारी, पंचायत सहायक और रोजगार सेवक आंगनबाड़ी, आशा मौजूद रहे।

मौदहा प्रतिनिधि के अनुसार, रीवन गांव के पंचायत भवन से ब्लॉक मिशन प्रबंधक संतोष पाल ने यहां की महिला समूह राधे-राधे, ओम महिला समूह व संतोषी माता महिला समूह की महिलाओं के माध्यम से गांव में शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर मुख्य रूप से समूह की सुनीता, सावित्री व जमुना ने मुख्य भूमिका निभाई। महिलाओं ने जहां कई सार्वजनिक स्थानों पर रंगोली बनाई, वहीं अपने हाथों में मेहंदी रचा मतदान की अपील की। यह अनूठा कार्यक्रम देखने के लिए ग्रामीणों की अच्छी खासी भीड़ जगह-जगह देखी गई।

### ज्यादा से ज्यादा मतदान की शपथ दिलाई

**कुरारा (हमीरपुर)।** लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए प्रशासन के निर्देश पर लगातार प्रतिदिन मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। मंगलवार को खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता की अध्यक्षता में कुसमरा गांव में जागरूक महिलाओं व स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा मतदाता जागरुकता रैली निकाली गयी। महिलाएं हाथों में तख्ती लेकर चल रही थी, जिसमें पहले मतदान बाद में जलपान आदि विभिन्न नारे लिखे हुए थे। इनके माध्यम से ग्रामीणों को आने वाले लोकसभा चुनाव में वोट डालने के लिए जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोग अपने मत का प्रयोग करें। वहीं गांव के विद्यालय में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शपथ दिलाई गई। मतदाता जागरूकता रैली में प्रदीप कुमार, आंगनबाड़ी, आशा आदि मौजूद रहे।

## प्रेक्षक ने वल्नरेबिल बूथों का निरीक्षण किया

**हमीरपुर।** लोकसभा क्षेत्र 47 हमीरपुर की सामान्य प्रेक्षक प्रियंका दास ने 232 तिंदवारी विधानसभा क्षेत्र के वल्नरेबिल बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने वल्नरेबल बूथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर तथा परमहंस रणछोड़ दास इंटर कॉलेज खप्टिहा कलां एवं प्राथमिक विद्यालय पपरेंदा का निरीक्षण किया। उन्होंने जेंडर रेशियो और ईपी रेशियो तथा नए बनाए गए मतदाताओं के संबंध में जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बाद में वह हमीरपुर बार्डर भी पहुंचे तथा तहसील पैलानी सभागार में सभी सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेटों के साथ मतदान बूथों की समीक्षा की तथा उनको मतदान दिवस में बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया। उन्होंने तिंदवारी विधानसभा के मध्यवर्ती स्ट्रांग रूम नियंत्रण कक्ष के साथ मंडी समिति बांदा के सभी स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। मंडी समिति बांदा में निरीक्षण के दौरान 48 बांदा लोकसभा की सामान्य प्रेक्षक वी कलाई राशि, पुलिस प्रेक्षक जॉय विश्वास, जिला निर्वाचन अधिकारी बांदा दुर्गा शक्ति नागपाल, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। उप जिलाधिकारी, सहायक रिटर्निंग ऑफीसर 232 तिंदवारी विधानसभा क्षेत्र शशि भूषण सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।


तिंदवारी विधानसभा के स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करतीं प्रेक्षक।

